दिन–गुरूवार दिनांक– 05/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर कहा – सरकार समावेशी विकास के माध्यम से गरीबों के कल्याण और नागरिक सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

02. कटिहार के मनिहारी की लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्वेता मिश्रा के विभिन्न ठिकानों पर विशेष निगरानी इकाई की छापेमारी में करोड़ों रूपए की चल–अचल संपत्ति का हुआ खुलासा।

03. पटना के दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंटल सेंटर से आज पांच सौ सैंतालीस अग्निवीर सेना में शामिल हुए।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। एक रिपोर्ट –

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में, लिखा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, डिजिटल समावेशन और मज़बूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने पारदर्शिता के साथ–साथ अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाया है। श्री मोदी ने गरीबी को हराने में 25 करोड़ से अधिक लोगों की मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर जोर दिया। भानु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं लवलीन निगम।

---

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारत की अमृत पीढी – युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है।

---रिपोर्ट---

सरकार शिक्षा और खेल के माध्यम से युवाओं के भविष्य के सपनों की नींव रख रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने समग्र और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वाकांक्षी रोड मैप तैयार किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक देशभर के स्कूलों में प्री स्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत नामांकन किए जाएं। वर्ष 2014 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या 51 हजार थी जो अब बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है इसमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे शिक्षण संस्थान की संख्या अधिक है। पीएम श्री योजना के तहत देशभर में साढे 14 हजार स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। शिक्षा के साथ–साथ खेल क्षेत्र भी सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में है। खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर में एक हजार से अधिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं और 3 हजार युवा खिलाड़ियों को सालाना 6 लाख रुपए से अधिक की मदद दी जा रही है। टारगेट ओलम्कि पोडियम योजना के तहत देश के शीर्ष खिलाडियों को विशेष प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किये जा रहे हैं। भारत ने पिछले दो ओलंपिक में 13 पदक जीते हैं और पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक अपने नाम किये हैं। भारत अपने युवाओं को पढ़ाई के साथ–साथ उन्हें बड़े सपने देखना, तेज दौड़ना और कभी न रूकना भी सीखा रहा है। रहीसुद्दीन रेहान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम गांव–गांव जाकर किसानों के साथ संवाद कर रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉक्टर अनूप दास ने बताया कि राज्य में बारह जून तक चार हजार आठ सौ साठ जगहों पर संवाद कार्यक्रम के आयोजन का लक्ष्य रखा गया है।

---बाइट---

डॉक्टर दास ने बताया कि संवाद के दौरान किसानों को नई कृषि तकनीकों के साथ–साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

---बाइट---

---

कटिहार के मनिहारी की लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्वेता मिश्रा के विभिन्न ठिकानों पर विशेष निगरानी इकाई की छापेमारी में करोड़ों रूपए की चल–अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

---रिपोर्ट---

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने मनिहारी की लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के मनिहारी स्थित सरकारी आवास के साथ–साथ कटिहार, पटना और प्रयागराज स्थित आवासीय ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी आय से अधिक संपत्ति मामले में की गई। एसयूवी के उपाधीक्षक अशोक झा ने बताया कि छापेमारी के दौरान जब्त की गयी संपत्ति का ब्यौरा आकलन के बाद जारी किया जाएगा।

---बाइट---

गौरतलब है कि श्वेता मिश्रा पर आरा की भूमि उपसमाहर्ता रहते हुए रिश्वत मांगने समेत भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

---

मुजफ्फरपुर दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में आरोपी मुकेश राय ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है। इससे पहले स्थानीय प्रशासन ने आरोपी के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की और घर पर बुलडोजर चलवाया। बुलडोजर की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही आरोपी ने सरेंडर कर दिया। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया।

---

पटना में एक डॉक्टर दंपत्ति से एक करोड़ पंचानवे लाख रूपए साईबर ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि साईबर ठगों ने सीबीआई अधिकारी, वकील और जज बनकर डराया और बारह दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इधर, पुलिस उपाधीक्षक राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

---

पटना के दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंटल सेंटर से आज पांच सौ सैंतालीस अग्निवीर सेना में शामिल हुए। दानापुर के हर्ष उदय सिंह गौड़ परेड ग्राउंड में इकतीस सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इन अग्निवीरों ने पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया और राष्ट्र की सेवा की शपथ ली। रेजिमेंट के कमाडेंट बिग्रेडियर कमलदीप जसपाल ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर अग्निवीरों का उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को सम्मानित भी किया गया।

---

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्व और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश की भी संभावना है।

———बाइट———

---

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिकों से पृथ्वी की रक्षा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण की रक्षा पर एक विशेष वीडियो साझा किया। उन्होंने पर्यावरण को हरा–भरा और बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों की सराहना की।

———बाइट———

प्रकृति रक्षति, रक्षितरू अर्थात जो प्रकृति की रक्षा करते हैं, प्रकृति उनकी रक्षा करती है। पर्यावरण में संतुलन, ये हमारी पुरातन परम्परा का एक अहम हिस्सा है। हमारे यहां कहा गया है ष्यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डेष यानी जो पिंड, यानी जीव में है, वहीं ब्रह्माण्ड में है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष पौधा रोपण अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। वहीं, श्री मोदी ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर सिंदूर का पौधा लगाया। यह पौधा उन्हें उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान असाधारण साहस और देशभक्ति का परिचय देने वाली गुजरात के कच्छ की वीर माताओं और बहनों ने उपहार में दिया था। इधर, राजधानी पटना समेत सभी जिला मुख्यालायों में पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

---

आज संपूर्ण क्रांति दिवस है। आज ही के दिन लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। मुख्य राजकीय समारोह पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति दिवस का सरकारी कार्यक्रम अब दरभंगा में भी होगा। दरभंगा में आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में श्री कुमार ने कहा कि उनकी आदमकद प्रतिमा

जल्द ही दरभंगा में स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद गोपालजी ठाकुर और लवली आनंद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

आज गंगा दशहरा है। मान्यता है कि आज ही के दिन गंगा नदी का धरती पर अवतरण हुआ था। इस अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पटना, बक्सर, सिमरिया समेत विभिन्न गंगा घटों पर आस्था की डुबकी लगायी और पूजा–अर्चना की। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा दशहरा के पावन अवसर पर अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

–––रिपोर्ट–––

---

शेखपुरा में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में पटना के विजय कुमार विजेता बने हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में एक भी मैच नहीं गंवाया। प्रतियोगिता में आशुतोष कुमार उप विजेता रहे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर कहा – सरकार समावेशी विकास के माध्यम से गरीबों के कल्याण और नागरिक सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

02. कटिहार के मनिहारी की लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्वेता मिश्रा के विभिन्न ठिकानों पर विशेष निगरानी इकाई की छापेमारी में करोड़ों रूपए की चल–अचल संपत्ति का हुआ खुलासा।

03. पटना के दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंटल सेंटर से आज पांच सौ सैंतालीस अग्निवीर सेना में शामिल हुए।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।